# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 17 मार्च, 2021

----

**[सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी ].**

Total Short Notice Question- 9

----

### शौचालय का निर्माण

*52 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार द्वारा शौचालय बनाने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्रामीण क्षेत्र के हाट, बाजार, बस स्टैंड एवं शहरी क्षेत्र के कई स्थानों पर शौचालय की व्यवस्था बहुत ही कम है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में शौचालय नहीं रहने के कारण महिला सहित आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो ग्रामीण क्षेत्र के हाट, बाजार, बस स्टैंड में महिला सहित आम नागरिकों की कठिनाई को देखते हुए शौचालय बनाने का सरकार विचार रखती है?

----

## ट्रैफिक थाना खोलने पर विचार

***67 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी 38 जिलों में ट्रैफिक थाना खोलने का प्रस्ताव है, जिससे जाम से निजात दिलायी जा सके ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के सभी 18 नगर निगम वाले शहरों में ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे;

(ग) क्या यह सही है कि पटना के अलावा राज्य में कहीं भी ट्रैफिक सिग्नल नहीं है, सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं और राजधानी में ट्रैफिक सिग्नल सीसीटीवी कैमरे लगभग वर्षों से खराब पड़े हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी जिलों में ट्रैफिक थाना खुलवाने के साथ 18 नगर निगम वाले शहर में ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे कबतक लगवाना चाहती है ?

----

## मानदेय का पुनरीक्षण

***106 Prof. Prof. Sanjay Kumar Singh ( Tirhut Teacher):**

Will the **General Administation** be pleased to state क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- (क) क्या यह सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक- 1003 दिनांक- 22.01.2021 की कंडिका 3 (1) के आलोक में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी द्वारा विभिन्न विभागों, मुफ्फसिल कार्यालय आदि में कार्यरत कार्यपालक सहायक के मानदेय का पुनरीक्षण नहीं किया गया है; (ख) क्या यह सही है कि संकल्प में मानदेय का निर्धारण बाजार दर एवं सरकार में उपलब्ध समान/समकक्ष पद के प्रारंभिक स्तर का वेतन, महंगाई भत्ता एवं अन्य अनुमान्य भत्तों को मिलाकर समेकित रूप से प्राप्त योगफल के आधार पर करने का प्रावधान है; (ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड 'क' में वर्णित कार्यपालक सहायक के मानदेय का पुनरीक्षण कब तक सुनिश्चित करना चाहती है?

----

## क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध नहीं

***137 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **सहकारिता** be pleased to state:-
क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि प्रतिकूल मौसम के कारण तथा अनावृष्टि, ओला, सूखा (तापमान) एवं आर्द्रता आदि से फसलों की क्षति होने की स्थिति में बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराई जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2020-21 में राज्य में कितने किसानों ने बीमा (फसल क्षति) कराया था, कितने किसानों को फसल की क्षतिपूर्ति बीमा के माध्यम से दी गई है और शेष कितने कृषकों को अभी तक फसलों की क्षति के लिए बीमा राशि देना चाहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति राशि बीमा के तहत उपलब्ध कराना चाहती है?

----

## निराकरण कबतक

*138 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

Will the **राजस्व एवं भूमि सुधार** be pleased to state:-
क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र के अंतर्गत अधिकांश जमीन/मकान को UNSURVEY बताकर उनका निबंधन नहीं किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि दानापुर अनुमंडल काफी बड़ा और सबसे पुराना अनुमंडल है और वहां सैकड़ों वर्षों से लोग आवासित है;

(ग) क्या यह सही है कि किसी कारणवश सम्प्रति वासित लोग अपना मकान या जमीन बेचने में असमर्थ हैं, क्योंकि निबंधन कार्यालय/नगर परिषद् द्वारा उसे UNSURVEY LAND कहा जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो लोकहित में क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित खण्डों में आम लोगों को अपने निजी मकान/जमीन की बिक्री करने में हो रही कठिनाइयों का निराकरण करना चाहती है विचार, यदि हां तो कबतक?

----

## अपराधियों को गिरफ्तार

*139 **श्री हरिनारायण चौधरी (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

Will the **राजस्व एवं भूमि सुधार** be pleased to state:-
क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत, अंचल- मझौलिया, ग्राम- दुधा मठिया, पंचायत धोकरहा के श्री मणिशंकर राय के नाम से 16 धुर जमीन है, जिसका खाता नं.- 34, खेसरा नं.- 142 है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जमीन पर स्थानीय दबंग अपराधियों द्वारा कब्जा करने की बारंबार कोशिश की जाती है, जिससे किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त मामले से संबंधित श्री राय द्वारा मझौलिया थाना, पश्चिम चंपारण में थाना कांड सं.- 65/21, दिनांक- 06.02.2021 भी दर्ज कराया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि पुलिस प्रशासन द्वारा उन अपराधियों पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री राय की उक्त जमीन पर अविलंब दखल कब्जा दिलाते हुए इसमें संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कूड़े की डम्पिंग अन्यत्र स्थान पर

*140 **श्री राजेश कुमार उर्फ बबलु गुप्ता (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के दानापुर प्रखण्ड के अंतर्गत नासरीगंज बिस्कुट फैक्ट्री के पास कूड़े को डम्प किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त क्षेत्र में कूड़ा का अम्बार लग गया है और कभी-कभी उसे जलाया भी जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि बिस्कुट फैक्ट्री के अलावा वहां आबादी भी काफी घनी है, फलतः वहां रहने वाले स्थानीय लोग कूड़े के कारण प्रदूषण होने से कई प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सार्वजनिक हित में क्या सरकार उक्त कूड़े के डम्पिंग हाउस को वहां से किसी वीरान स्थान पर डम्प कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## अतिक्रमण से मुक्त

***141 श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

Will the **नगर विकास एवं आवास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर के सुलतानगंज थानान्तर्गत बनवारी चौक से पूरब डा. नारायण बाबू की गली तक जाने वाली सड़क काफी अतिक्रमित है;

(ख) क्या यह सही है कि अतिक्रमण के कारण उक्त क्षेत्र में हमेशा दुर्घटना होती रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि अतिक्रमणकारियों द्वारा रास्ता अतिक्रमित कर अवैध शराब इत्यादि की बिक्री की जाती है ताकि ससमय प्रशासन की गाड़ी नहीं पहुंच पाये।

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक खण्ड 'ख' में वर्णित समस्या का निदान करना चाहती है?

----

## एस.जी.एस.टी. और सी.जी.एस.टी. से मुक्त

***142 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

Will the **सूचना प्रौद्योगिकी** be pleased to state:-
क्या मंत्री, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बेल्ट्रान के माध्यम से सरकार के विभिन्न विभागों, निगमों एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में डाटा इंट्री ऑपरेटर संविदा पर कार्य कर रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त डाटा इंट्री ऑपरेटर स्नातक उत्तीर्ण एवं कम्प्यूटर डिप्लोमाधारी है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त डाटा इंट्री ऑपरेटर राज्य सरकार की संस्था बिहार नॉलेज सेंटर से सरकारी कार्य निष्पादित करने से संबंधित तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त हैं और उत्तीर्णता प्राप्त करने के पश्चात् विभिन्न सरकारी विभागों, निगमों में कार्यरत हैं;

(घ) क्या यह सही है कि ये एक अल्प वेतनभोगी कर्मी है जिन्हें एस.जी.एस.टी. 9 प्रतिशत एवं सी.जी.एस.टी. 9 प्रतिशत देना पड़ता है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डाटा इंट्री ऑपरेटर को एस.जी.एस.टी. और सी.जी.एस.टी. से मुक्त करते हुए एस.जी.एस.टी. और सी.जी.एस.टी. की राशि उनके वेतन में जोड़कर भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----